गद्यांश को पढ़कर प्रशन के सही उत्तर के सामने सही लगाओ -

एक बार नेहरु जी रूस की यात्रा पर गए। वहाँ उनका बहुत शानदार स्वागत हुआ। रूस के किसी गाँव का एक बच्चा भी उन्हें देखने और मिलने आया था। पहरेदारों ने उसे अंदर नहीं जाने दिया। बच्चा रोते-रोते निराश होकर वहाँ बैठ गया। कुछ देर बाद नेहरू जी बाहर आए और बच्चे को रोता देखाकर उसके पास गए और बड़े प्यार से पूछा, "तुम क्यों रो रहे हो?" बच्चे ने जवाब दिया, "मैं एक गरीब लड़का हूँ और दूर के एक गाँव से नेहरू जी को देखने के लिए यहाँ आया हूँ। पर पेहरेदारों ने मुझे अंदर नहीं जाने दिया।" नेहरू जी ने बच्चे को गेले से लगा लिया। बच्चा यह नहीं जानता था कि वे नेहरू जी हैं। उन्होंने उसे फूलों का गुलदस्ता दे दिया। फिर उन्होंने बच्चे को एक पेन और अपना फोटो उपहार में देते हुए कहा, "मैं ही पंडित नेहरू हूँ और मुझे तुमसे मिलकर बहुत खुशी हुई। आशा है कि तुम भारत का नाम सदा याद रखोगे।"

1) गदयांश के लिए सही शीर्षक है-

i) नेहरू जी की यात्रा ii) नेहरू जी का क्रोध
iii) नेहरू और गांधी iv) इनमें से कोई नहीं

2) नेहरू जी किस देश की यात्रा पर गए थे?

i) अमेरिका ii) रूस
iii) जापान iv) चीन

3) नेहरू जी ने बच्चे को उपहार में क्या दिया?

i) पेन और बस्ता ii) पेन और पेंसिल
iii) पेन और अपना फोटो iv) फ्रेम और किताब

4) तुमसे मिलकर बहुत खुशी हुई- किसने, किससे कहा?

i) बच्चे ने पहरेदारों से ii) बच्चे के पंडित नेहरू से
iii) पंडित नेहरू ने पहरेदार से iv) पंडित नेहरू ने बच्चे से

LIVEWORKSHEETS

5)सफर का समान अर्थ वाला शब्द है -

i)यात्रा

ii) परिश्रम

iii) घूमना

iv) देखना

LIVEWORKSHEETS